## न्यूज डायरी



### चीन–नेपाल के बहाने मोदी सरकार पर इमरान खान ने किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना संकट के वक्त जब दुनियाभर के राष्ट्राध्यक्ष इस चुनौती से निपटने में अपनी ऊर्जा लगा रहे हैं तो पाक पीएम इमरान खान अपना समय भारत विरोधी प्रॉपेगैंड फैलाने में लगा रहे हैं। उन्होंने नेपाल और चीन के साथ चल रहे ताजा सीमा विवादों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। इमरान खान ने ट्वीट कर लिखा कि हिदुत्ववादी मोदी सरकार की अभिमानी विस्तारवादी नीतियां नाजी विचारधारा के समान है। भारत अपने पड़ोसियों के लिए भी खतरा बन रहा है। नागरिकता कानून के माध्यम से बांग्लादेश नेपाल–चीन के साथ सीमा विवाद और पाकिस्तान को झूठे सैन्य ऑपरेशन करने की धमकी दे रहा है। दूसरे ट्वीट में इमरान ने लिखा कि जम्मू–कश्मीर पर अवैध कब्जा चौथे जेनेवा कन्वेंशन के तहत युद्ध अपराध और वह पाक अधिकृत कश्मीर पर दावा कर रहा है।

### पाकिस्तान में संदिग्ध आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक जांच चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवर रात को हुई जब मोटरसाइकिल पर सवार हमलावरों को शहर के तरनूल इलाके में एक जांच चौकी पर रुकने का इशारा किया गया।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रुकने के बजाय हमलावरों ने चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और घटनास्थल से भाग गए।इस्लामाबाद पुलिस के महानिरीक्षक आमिर जुल्फिकार खान ने घटना की जांच के लिए दो दलों का गठन किया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतक पुलिसकर्मियों की पहचान साजिद अहमद और मोहसिन जफर के रूप में की गई है।इस बीच, तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान से अलग हुए प्रतिबंधित संगठन हिज्बुल अहरार ने इस आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली है।

### चीन का सर्वेक्षण दल माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई मापने पहुंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन का एक सर्वेक्षण दल विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत एवरेस्ट की ऊंचाई फिर से नापने के लिए तिब्बत के रास्ते बुधवार को वहां पहुंच गया। सरकारी मीडिया ने बताया कि चीन की माप के अनुसार माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8844.43 मीटर है जो नेपाल की गणना से चार मीटर कम है। चीन ने एक मई से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की ऊंचाई को मापने के लिए एक नया सर्वेक्षण शुरू किया। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई को ले कर चीन नेपाल की माप से संतुष्ट नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की ऊंचाई को दोबारा मापने के लिए चीन को अभियान शुरू करने के लिए प्रेरित किया और वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रकृति के संबंध में इंसान की समझ को बढ़ाएगा और विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

### पाकिस्तान में कुल संक्रमितों की संख्या 59 हजार के पार


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,446 नए मामले सामने आए हैं जिसके बाद देश में कुल संक्रमितों की संख्या 59,151 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस खतरनाक वायरस से 28 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 1,225 तक पहुंच गई है। सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा 23,507 मामले हैं। इसके बाद पंजाब में 21,118, खैबर पख्तूनख्वा में 8,259, बलूचिस्तान में 3,536, इस्लामाबाद में 1,879, गिलगित–बाल्टिस्तान में 638 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 214 मामले हैं। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 499,399 जांच हुई है, जिनमें से पिछले 24 घंटे में सिर्फ 8,491 जांच की गई है। अब तक 19,412 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। हालांकि अधिकारी लगातार कह रहे हैं कि पाकिस्तान नियमित रूप से 30,000 जांच कर सकता है लेकिन अब तक ऐसा हो नहीं पाया है।

# चीनी नागरिकों को भारत से वापस बुलाने पर ड्रैगन की सफाई

## भारत सरकार को इस बार चीन के कदम का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए

**चेतावनी**

- भारतीय मीडिया पर भड़का चीन का प्रोपगेंडा मैगजीन
- कोरोना वायरस के कारण बुलाए नागरिक



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख सीमा पर जारी तनाव के बीच अपने नागरिकों को भारत से निकालने पर घिरे चीन ने अब सफाई दी है। चीनी सरकार की प्रोपगेंडा मैगजीन ग्लोबल टाइम्स ने इसे लेकर भारतीय मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली। चीनी माउथपीस ने लिखा कि भारत सरकार को इस बार चीन के कदम का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए। भारत ने भी लॉकडाउन के कारण दुनिया के विभिन्न देशों में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऐसा ही किया था।

**ग्लोबल टाइम्स ने भारतीय मीडिया की आलोचना की:** ग्लोबल टाइम्स ने चीनी नागरिकों की वापसी को हालिया सैन्य तनाव से जोड़ने पर भारतीय मीडिया की आलोचना भी की है। उसने लिखा कि मीडिया ने जानबूझकर चीनी नागरिकों की वापसी को हालिया सैन्य तनाव से जोड़ा है। इससे अटकलों का एक नया दौर शुरू हो गया है कि चीन सीमा विवादों को बढ़ाने के लिए तैयारी कर सकता है।

**नागरिकों को निकालने के लिए फ्लाइट भेजेगा चीन:** चीन ने मंगलवार को कहा कि वह नोवेल कोरोना वायरस महामारी के कारण भारत में फंसे हुए अपने छात्रों, पर्यटकों और कारोबारियों को वापस लाने के लिए उड़ानें भेजने की योजना बना रहा है। चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह फैसला चीन के विदेशों में फंसे नागरिकों को सहायता प्रदान करने की कड़ी में लिया गया है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता जी रोंग ने कहा कि भारत में महामारी के हालात को देखते हुए चीन अस्थायी उड़ानें भारत भेजकर अपने छात्रों और पर्यटकों समेत नागरिकों को वापस बुलाने की योजना बना रहा है जो भारत में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

**चीनी नागरिकों की सेहत और सुरक्षा के लिए फैसला:** उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन की सरकार प्रवासी चीनी नागरिकों की सेहत और सुरक्षा को बहुत महत्व देती है। चीनी नागरिकों को यहां से निकालने का फैसला ऐसे समय में लिया जा रहा है जब भारत कोरोना वायरस से सबसे बुरी तरह प्रभावित दुनिया के दस देशों में शामिल हो गया है। भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और रोगियों की संख्या करीब 1.45 लाख पहुंच गयी है।

**भारत ने भी वुहान से निकाले थे अपने नागरिक:** कोरोना वायरस की शुरुआत दिसंबर में चीन के वुहान शहर से हुई थी। दुनियाभर में इस वायरस से 55 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 3.5 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। भारत ने फरवरी में वुहान से करीब 700 भारतीयों को निकाला था चीनी दूतावास ने सोमवार को एक नोटिस जारी कर भारत में अपने नागरिकों को वापस बुलाने की योजना के बारे में सूचित किया था।

## मैं सांस नहीं ले पा रहा रहम की अपील पर भी नहीं पसीजा पुलिस का दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


मिनेसोटा। अमेरिका के मिनेसोटा में पुलिस अधिकारियों ने एक अफ्रीकी मूल के अमेरिकी शख्स को घुटनों के नीचे दबाकर मार डाला। दबाए जाने के बाद उस व्यक्ति ने पुलिस के कई बार सांस लेने में असमर्थ होने की बात भी बताई लेकिन पुलिस वालों का दिल नहीं पिघला। युवक की मौत के बाद हजारों की संख्या में लोगों ने मिनियापोलिस के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस मामले में अबतक 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जा चुका है।

**लोगों ने पुलिस को लताड़ा**

सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो में जमीन पर लेटा 46 वर्षीय जॉर्ज फ्लॉयड ने कई बार पुलिसकर्मियों से कहा कि वह सांस नहीं ले पा रहा है। अब इस मामले की जांच एफबीआई कर रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों की लोगों ने खूब खिंचाई की।

**हजारों की संख्या में लोगों ने किया प्रदर्शन**

मिनिसोटा में घटनास्थल के पास बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस प्रवक्ता गैरेट पार्टन ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में 4 पुलिसकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। बता दें कि पुलिस के इस फैसले का वहां के मेयर जैकब फ्रे ने भी समर्थन किया है।



## सुपर रेयर गैलेक्सी की पहली तस्वीर आई सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अतंरिक्ष वैज्ञानिकों ने पहली बार कास्मिक रिंग ऑफ फॉयर के जैसे दिखने वाले एक सुपर रेयर गैलेक्सी की तस्वीर ली है। यह गैलेक्सी धरती से 11 बिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। वैज्ञानिकों ने इस गैलेक्सी को त5519 नाम दिया है। इस गैलेक्सी के केंद्र में एक छेद है जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी की तुलना में दो बिलियन गुना अधिक बड़ा है। कहा जा रहा है कि यह मिल्की वे की तुलना में 50 गुना तेजी से नए तारे बना रहा है। इस खोज की घोषणा प्रसिद्ध नेचर एस्ट्रोनॉमी मैगजीन में की गई है। मैगजीन में इस गैलेक्सी की पहचान ब्रह्मांड में सबसे पहले बनने वाले कोलाइजल रिंग गैलेक्सी के रूप में की गई है।

# मेक्सिको में कोरोना का कहर, एक दिन में 500 से ज्यादा की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यू मेक्सिको। अमेरिका से सटे देश मेक्सिको में कोरोना के तांडव से कोहराम मचा हुआ है। मेक्सिको के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि कोरोना वायरस संक्रमण से एक दिन में 501 लोगों की मौत हुई और पहली बार यह आंकड़ा 500 से पार चला गया है।

**देश में संक्रमण के कुल 74,560 मामले:** मंगलवार को संक्रमितों की संख्या भी सबसे ज्यादा सामने आई। यहां 3,455 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। देश में संक्रमण के अब तक 74,560 मामलों की पुष्टि हो चुकी है और 8,134 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि अधिकारियों का मानना



है कि संक्रमितों की संख्या काफी ज्यादा हो सकती है क्योंकि देश में जांच की दर काफी कम है।

**अमेरिका के करीब पहुंची रोजान मृतकों की संख्या:** मेक्सिको में रोजाना मृतकों की संख्या अब अमेरिका के करीब पहुंच रही है जो कि लगभग 620 है। हालांकि ब्राजील में अभी एक दिन में 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। यह आंकड़े भी ऐसे दिन सामने आए हैं जब स्वास्थ्य अधिकारियों ने बेहतर पीपीई किट की मांग करते हुए राजधानी की एक मुख्य सड़क को कम से कम एक घंटे तक के लिए बंद कर दिया।

**अबतक सिर्फ 230,000 जांच:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसी दिन मेक्सिको सरकार को एक पत्र लिखकर कहा कि वह सामाजिक दूरी और बंद के नियमों के लिए बधाई देना चाहते हैं। डब्ल्यूएचओ ने महामारी पर नियंत्रण के लिए ज्यादा से ज्यादा जांच को महत्वपूर्ण बताया है। मेक्सिको में 12.5 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और अब तक सिर्फ 230,000 जांच की गई है जो कि अमेरिकी महाद्वीप क्षेत्र के देशों में सबसे कम जांच में से एक है।

### चीन का सर्वेक्षण दल माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई मापने पुहंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन का एक सर्वेक्षण दल विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत एवरेस्ट की ऊंचाई फिर से नापने के लिए तिब्बत के रास्ते बुधवार को वहां पहुंच गया। सरकारी मीडिया ने बताया कि चीन की माप के अनुसार माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8844.43 मीटर है जो नेपाल की गणना से चार मीटर कम है। चीन ने एक मई से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की ऊंचाई को मापने के लिए एक नया सर्वेक्षण शुरू किया। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई को ले कर चीन नेपाल की माप से संतुष्ट नहीं है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की ऊंचाई को दोबारा मापने के लिए चीन को अभियान शुरू करने के लिए प्रेरित किया और वैज्ञानिकों का मानना ध्ध्है कि यह प्रकृति के संबंध में इंसान की समझ को बढ़ाएगा और वैज्ञानिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी सर्वेक्षणकर्ताओं ने माउंट एवरेस्ट पर स्केल माप और वैज्ञानिक अनुसंधान के छह चक्र पूरे किए और 1975 और 2005 में दो बार चोटी की ऊंचाई क्रमशः 8,848.13 मीटर और 8,844.43 मीटर बताई।